Dainik Jagran, Lucknow, Nov 9 2008

टीसीएस आईटी विज में लखनऊ बना चैम्पियन

लखनऊ, 8 नवम्बर (जासं): इक्कीसवीं सदी के भारत में नौनिहाल सूचना व प्रौद्योगिकी क्षेत्र की जानकारियों के प्रति कितने पारंगत हैं इसकी झलक रवीन्द्रालय में आयोजित टीसीएस आईटी विज प्रतियोगिता में देखने को मिली। प्रसिद्ध क्विज मास्टर गिरि बाला सुब्रहमणयम भी बच्चों में आईटी संबंधी ज्ञान को देखकर हैरान हो गए।

इस प्रतियोगिता में लखनऊ, देहरादून, नैनीताल, कानपुर, फैजाबाद, गोरखपुर व वाराणसी के कक्षा आठ से इंटरमीडिएट तक के 1200 छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंतिम राउंड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले लखनऊ के सेक्टर आई स्थित एलपीएस के उत्कर्ष मिश्रा व आकाश तिवारी को विजेता घोषित किया गया। देहरादून के समरवली विद्यालय के दुष्यंत ध्यानी व प्रतीक मिश्रा उपविजेता घोषित हुए। प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा अरुण कुमार मिश्रा व उप्र प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. प्रेमव्रत ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। अंतिम राउंड में कुल छह टीमें पहुंची थीं, जिनमें कानपुर के सेठ अनंतराम जयपुरिया के अमान वर्मा व अक्षय सिंह, सीएमएस महानगर के प्रभात मिश्रा व शशांक शुक्ला, माउंटफोर्ट कालेज लखनऊ की ऐश्वर्या सिंह शामिल हैं।